भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 3362

सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

चेन्नई मेट्रो परियोजना के लिए धनराशि

3362. श्री बी. मणिक्कम टैगोर:

श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु राज्य को दरकिनार करते हुए चेन्नई मेट्रो परियोजना के लिए निधियां सीधे चेन्नई मेट्रो के खाते में जमा करा दी गई थीं;

(ख) तमिलनाडु राज्य के माध्यम से धनराशि भेजने के बजाय चेन्नई मेट्रो के खाते में सीधे धनराशि जमा करने के सरकार के निर्णय के पीछे क्या औचित्य है;

(ग) वे विशिष्ट उपबंध अथवा कानून कौन-कौन से हैं जो सरकार को चेन्नई मेट्रो के खाते में सीधे निधियां जमा करने की अनुमति देते हैं;

(घ) चेन्नई मेट्रो के खाते में सीधे कुल कितनी धनराशि जमा की गई और उन निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या चेन्नई मेट्रो के खाते में सीधे धनराशि जमा करने के निर्णय के बारे में तमिलनाडु राज्य सरकार से परामर्श किया गया था अथवा सूचित किया गया था; और

(च) चेन्नई मेट्रो के खाते में सीधे जमा की गई निधियों के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ङ): चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना का कार्यान्वयन भारत सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम परियोजना के रूप में विशेष प्रयोजन तंत्र अर्थात् चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड (सीएमआरएल) के माध्यम से किया गया है, जिसमें दोनों सरकारों की समान इक्विटी सहभागिता है। केन्द्र और राज्य सरकार से निधि का अंतरण दोनों सरकारों और सीएमआरएल के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार किया जाता है।

कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात् सीएमआरएल को संवितरित की गयी निधि का मद-वार ब्यौरा सहित प्रदान की गई कुल राशि इस प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

परियोजना	पास थ्रू सहायता	इक्विटी पूंजी	गौण ऋण
चेन्नई मेट्रो चरण-।	8,646.00	3,125.78	730.00
चेन्नई मेट्रो चरण-। का विस्तार	2,141.00	508.00	205.00
कुल	10,787.00	3,633.78	935.00

(च): सीएमआरएल एक सरकारी कंपनी है जिसके निदेशक मंडल में केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधिकारियों का समान प्रतिनिधित्व है। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए निधि का उपयोग उचित एवं पारदर्शी तरीके से विद्यमान नियमों/दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

****